तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026



11 यादों के गलियारे में लौटे हरिहर हायर...





12 अव्यवस्थाओं के बीच नया शिक्षा सत्र प्रारंभ प्रथम दिन...










प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557


### सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और विद्युत अधोसंरचना को मिलेगी नई मजबूती

# गरियाबंद को मिली 603 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 76 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस परेड ग्राउंड, गरियाबंद में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में जिले को 603 करोड़ 46 लाख 32 हजार की लागत वाले 76 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 86 करोड़ 75 लाख 52 हजार की लागत से पूर्ण हुए 46 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 516 करोड़ 70 लाख 80 हजार की लागत से प्रारंभ होने वाले 30 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत लगभग 757 करोड़ रुपये के बिजली बिल माफ किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली मुक्त योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए कृषि सहकारी साख समितियों के नए केंद्र खोले जा रहे हैं तथा नैनो यूरिया के उपयोग से उत्पादन लागत कम होने और उत्पादकता बढ़ने की बात कही। उन्होंने सुशासन और पारदर्शिता को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का लाभ उठाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार है। आज शुरू हुए विकास कार्यों से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, पेयजल, विद्युत और जनसुविधाओं के क्षेत्र में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि गरियाबंद अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध आदिवासी संस्कृति और धार्मिक महत्व के कारण विशेष पहचान रखता है। राजिम स्थित राजीव लोचन मंदिर और कुलेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सुपेबेड़ा क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए तेल नदी पर 7 करोड़ रुपये की लागत से एनीकट निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सहभागिता की अपील करते हुए शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूलों से जोड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई थी। वर्तमान में प्रदेश में 26 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से लगभग 19 लाख 70 हजार आवास पूर्ण हो चुके हैं। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। अब तक 28 किश्तों में 18 हजार 165 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है तथा कृषक उन्नति योजना के माध्यम से अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरियाबंद आदिवासी बहुल जिला है, जहां कमार और भुंजिया जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियां निवास करती हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास और आजीविका के क्षेत्र में सुधार किया जा रहा है।

#### ये भी रहें शामिल

इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित थे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि धान के अलावा अन्य फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कार्यक्रम को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी तथा राजिम विधायक रोहित साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहन ध्रुव, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

#### 516 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन

भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के 13 कार्यों के लिए 368 करोड़ 13 लाख 27 हजार रुपये, जल संसाधन विभाग के 9 कार्यों के लिए 53 करोड़ 16 लाख 99 हजार रुपये, सेतु निर्माण विभाग के 4 कार्यों के लिए 30 करोड़ 68 लाख 74 हजार रुपये, छत्तीसगढ़ ग्राम सड़क विकास अभिकरण के एक कार्य के लिए 3 करोड़ 84 लाख 40 हजार रुपये, स्वास्थ्य विभाग के एक कार्य के लिए 18 करोड़ 9 लाख 40 हजार रुपये, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एक कार्य के लिए 50 लाख रुपये तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एक कार्य के लिए 42 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत के कार्य शामिल हैं।

#### 86 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण

लोकार्पित कार्यों में लोक निर्माण विभाग के 5 कार्यों के लिए 6 करोड़ 1 लाख 95 हजार रुपये, जल संसाधन विभाग के 6 कार्यों के लिए 14 करोड़ 36 लाख 86 हजार रुपये, सेतु निर्माण विभाग के 2 कार्यों के लिए 10 करोड़ 16 लाख 99 हजार रुपये, छत्तीसगढ़ ग्राम सड़क विकास अभिकरण इकाई-1 के 19 कार्यों के लिए 13 करोड़ 70 लाख 84 हजार रुपये, इकाई-2 के 8 कार्यों के लिए 33 करोड़ 24 लाख 88 हजार रुपये, स्वास्थ्य विभाग के 5 कार्यों के लिए 6 करोड़ 9 लाख रुपये तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एक कार्य के लिए 3 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत वाले कार्य शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में 24 जून को ग्रामसभा

**रसेला।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास, पंचायतों की वित्तीय स्थिति, आवास योजनाओं, रोजगार, सामाजिक मुद्दों और स्थानीय विकास कार्यों जैसे जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा एवं निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। ग्रामसभा से अनुमोदन के बाद स्थाही प्रतीक्षा सूची को आवास साफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। वीबी जी राम जी की जाएगी जानकारी - ग्रामसभा में पूर्व बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के आय व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों की प्रगति, तथा अन्य विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### ग्रामीण के घर लगी आग से सामान जलकर राख



**मैनपुर।** देवभोग करचिया में बुधवार सुबह आगजनी के बड़ी घटना से गांव में अफरा तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार ग्रामीण प्रेमपारी प्रतिदिन अनुसार अपनी घर में पूजा पाठ कर काम करने अपने खेत तरफ चला गया कुछ समय बाद उसके घर में अचानक आग लगने की खबर आई। घर पहुंचने पर राशन और बहुत सारे सामाग्री तथा कागजात जलकर राख हो गया। कपड़ा और राशन सामाग्री जलने से उन्हें भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीण ने बताया घर मे रखे 20 हजार भी जल गये। ग्रामीणों ने जैसे तैसे कर आग पर काबू पाया।

## काला झंडा दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को पाण्डुका में रोका, भाजपा- कांग्रेस में नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



मुख्यमंत्री के गरियाबंद में प्रस्तावित कार्यक्रम से पूर्व पाण्डुका के चारोंधाम चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा खाद-बीज की समस्या, महंगाई एवं अन्य जनहित मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता काला झंडा, काली पट्टी एवं काले वस्त्र धारण कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

इसी दौरान भाजपा युवा नेता हरिश साहू अपने साथियों पंकज निर्मलकर, नेपाल, तुकेश, मनीष एवं डिगेश के साथ कार्यक्रम स्थल की ओर जा रहे थे। मौके पर हरिश साहू ने कांग्रेस के प्रदर्शन को मुद्दाविहीन बताते हुए कहा कि प्रदेश एवं क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों से विपक्ष घबराया हुआ है और जनसमर्थन के अभाव में केवल विरोध की राजनीति कर रहा है। इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए, जिससे कुछ समय के लिए राजनीतिक माहौल गर्म हो गया। भाजपा एवं कांग्रेस के युवाओं के बीच तीखी बहस और नोकझोंक हुई, जो धक्का-मुक्की की स्थिति तक पहुंच गई। हालांकि मौके पर मौजूद ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### पिपरछेड़ी थाने पहुंचे शुक्ल

**गरियाबंद।** कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही पूर्व पंचायत मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमितेश शुक्ल रायपुर से सीधे पिपरछेड़ी थाना पहुंचे। उन्होंने हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और अधिकारियों से चर्चा कर किसी भी प्रकार की अनावश्यक कार्रवाई नहीं करने की बात कही। श्री शुक्ल ने कहा कि किसानों की समस्याओं को उठाना अपराध नहीं है। प्रदेश में खाद संकट गहराता जा रहा है और किसान डीएपी तथा यूरिया के लिए परेशान हैं, लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान के बजाय विरोध की आवाज को दबाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों की लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।

## आसमा में छाये बादल, अंचल में बढ़ी उमस



**रसेला।** क्षेत्र में दो तीन दिन से आसमान में बादल छाए रहने के बावजूद लोगों को उमस, चिपचिपी गर्मी और घुटन का सामना करना पड़ रहा है, जिसका मुख्य कारण बादलों द्वारा गर्मी को जमीन के पास फंसा लेना और हवा में मौजूद नमी है।

बादलों के कारण वातावरण में नमी भाप का स्तर बढ़ जाता है। जब हवा में पहले से ही सारी नमी होती है, तो शरीर का पसीना ठीक से सूख नहीं पाता। पसीना वाष्पीकृत न होने के कारण शरीर का प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम काम करना बंद कर देता है, जिससे अत्यधिक बेचैनी होती है। इधर मानसून के आगमन में हो रही देरी और उमसभरी गर्मी के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में मानसून कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही है। क्षेत्र में पारा लगातार उच्च स्तर पर बना हुआ है, जिससे उमस और गर्मी का कहर जारी है। मौसम विभाग द्वारा मानसून की स्थिति यहां है कि दक्षिण पश्चिम मानसून की रफ्तार कुछ समय के लिए छत्तीसगढ़ की दहलीज पर आकर धीमी पड़ गई थी, जिसके कारण किसान बारिश की बाट जोह रहे हैं। प्री मानसून की शुरुआत जून महीने की 15 तारीख हो जाती है। लेकिन इस बार तो गर्मी व उमस की शुरुआत हुई है। ऐसे में ना तो दिन और रात में गर्मी से राहत मिल रही है। अब तो लोग उम्मीद लगा रहे हैं कि कब बरसात होगी और कब इस उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।

## नेशनल हाईवे पर हादसा, एक की मौत



मैनपुर। मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में इन दिनों लगातार दुर्घटनाओं के ग्राफ बढ़ते जा रहे है। बुधवार को एक बार फिर एक ट्रक से बाइक सवार दो युवक टकरा गए।

जानकारी के अनुसार कोयबा खासरपानी से दो लोग बाइक से जा रहे रहे थे कि सामने से आ रही ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल जुगाड़ थाना की बोलेरो वाहन से अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। हादसा इतना भयावह था कि मृतक चरन नेताम के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## एक ही दिन दो युवकों ने की आत्महत्या बंद आंबा परिसर और जंगल में मिली लाशें

**रसेला।** क्षेत्र में बुधवार को दो आत्महत्या की घटना सामने आई है। एक ही दिन में दो अलग-अलग गांवों से दो युवकों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोनों युवक पिछले कुछ दिनों से लापता बताए जा रहे थे और परिजन उनकी तलाश में जुटे हुए थे। इस बीच उनका शव फंदे से लटका मिला।

पहला मामला छुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां लगभग 25 वर्षीय गिमेश ध्रुव एक दिन पहले घर से लापता था। परिजन और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। अगली सुबह गांव के कुछ लोगों की नजर गांव के पुराने और वर्षों से बंद पड़े आंगनबाड़ी परिसर पर पड़ी। खंडहरनुमा भवन के आसपास उगी घनी झाड़ियों के बीच युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर उसकी पहचान गिमेश ध्रुव के रूप में हुई। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई।ग्रामीणों के अनुसार गिमेश ध्रुव मेहनती और मिलनसार स्वभाव का युवक था। उसकी किसी से कोई बड़ी दुश्मनी या विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है।



#### जंगल में पेड़ से लटका मिला दूसरा युवक

क्षेत्र के ग्राम जाटियातोरा में 35 वर्षीय दुलेश्वर जगत का शव गांव के जंगल में एक पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। जानकारी के अनुसार दुलेश्वर भी पिछले कुछ दिनों से लापता था। परिजन और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। गांव में उसकी गुमशुदगी चर्चा का विषय बनी हुई थी और सभी उसके सकुशल लौटने की उम्मीद लगाए बैठे थे।लेकिन जंगल में उसकी लाश मिलने की खबर ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।स्थानीय लोगों के अनुसार दुलेश्वर जगत पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से गुजर रहा था। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने और तथ्यों के सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल छुरा पुलिस दोनों स्थानों पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

### जिले में बिहान दीदियों ने पेश की मिसाल

# महिलाएं कुसुम के पेड़ों पर लाख की खेती से कमा रहीं लाखों रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





गरियाबंद जिले की महिलाएं अब लाख की खेती कर लाखों रूपये आमदनी हासिल कर रही हैं, जिससे उनकी जिंदगी में खुशिया देखने को मिल रही है। मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डुमाघाट में महिलाओं द्वारा अपने गांव के कोसुम के वृक्ष में लाख की खेती कर लाखों रूपये आय अर्जित कर एक मिशाल कायम की है। यह महिलाएं अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा दे रही है। गरियाबंद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं एफपीओ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युवराज नागेश के नेतृत्व में सुरभि महिला संकुल संगठन अमलीपदर अंतर्गत गठित उन्नति महिला उत्पादक समूह, कांडसर (ग्राम पंचायत डुमाघाट) की बिहान की दीदियां बड़े पैमाने पर लाख की खेती कर रही हैं। इस गतिविधि से लगभग 50 महिला किसान जुड़ी हुई हैं। वर्तमान में 50 से 60 क्विंटल लाख उत्पादन का अनुमान है, जिसका उत्पादन चक्र लगभग 6 माह का होता है। लाख वन आधारित आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है, जिससे महिलाओं को प्रतिवर्ष लाखों रुपये की आय प्राप्त हो रही है। वर्तमान बाजार में लाख का मूल्य प्रतिकिलो 700 से 800 रुपये प्रति किलोग्राम है। समूह की महिलाएं लाख बीज, दाना एवं अन्य उत्पादों का विक्रय कर अच्छी आय अर्जित कर रही हैं।

धान की खेती के अतिरिक्त लाख उत्पादन अब क्षेत्र की महिलाओं के लिए आय का प्रमुख स्त्रोत बन गया है।

पूर्व में कांडसर क्षेत्र की महिलाएं लाख उत्पादों को बिचौलियों के माध्यम से कम कीमत पर बेचने को विवश थीं, जिससे उन्हें उचित लाभ नहीं मिल पाता था। इस समस्या को देखते हुए जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर द्वारा मैनपुर ब्लॉक के एफपीओ को निर्देशित किया गया कि महिलाओं के लिए सीधे बाजार एवं फैक्ट्री स्तर पर मार्केट लिंकेज स्थापित किया जाए। इसी पहल के परिणामस्वरूप बिहान अंतर्गत गठित एफपीओ द्वारा अब लाख उत्पादों का गांव स्तर से सीधे फैक्ट्री तक विपणन किया जा रहा है।

#### पंचायत को लाख उत्पादन क्षेत्र के रूप में पहचान मिल गई

लाख की खेती करने से पहले महिलाओ को बकायदा प्रशिक्षण दिया गया है ज्ञात हो कि लाख काफी बहुमूल्य वस्तु है इससे चुड़ी आभूशण के साथ अनेक तरह से इसका उपयोग किया जाता है और लाख की खेती का समय समय पर जिला पंचायत सीईओ के द्वारा स्वयं इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस सफल पहल में जिला पंचायत गरियाबंद प्रखर चंद्राकर, पतंजलि मिश्रा, रमेश वर्मा, श्रीमती संगीता ध्रुव, युवराज नागेश तथा श्रीमती निधि साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं की आय वृद्धि, आत्मनिर्भरता एवं वन आधारित आजीविका संवर्धन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है। ग्राम पंचायत डुमाघाट के सरपंच यशवंत मरकाम ने बताया महिला समूह द्वारा लाख उत्पादन किया जा रह है जिससे उन्हें बेहतर लाभ मिल रहा है। पूरे जिले मे अब हमारे पंचायत को लाख उत्पादन क्षेत्र के रूप में पहचान मिल गई है।

**खबर संक्षेप**



## खरोरा में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि अदम्य साहस, शौर्य और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले मेवाड़ के इस महान सपूत का त्याग और स्वाभिमान इतिहास में सदा अमर रहेगा।

## पारस बने शिशु कल्याण शिक्षा समिति के अध्यक्ष

**महासमुंद।** शिशु संस्कार परिसर में शिशु कल्याण शिक्षा समिति की वार्षिक बैठक हुई। जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष पारस चोपड़ा, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शरद जैन, सहसचिव अरुण जोशी, कोषाध्यक्ष मनोहर पींचा एवं कार्यकारिणी में प्रकाश मालू, मनोहर महंती, अक्षत गोयल, सुभाष बाफना एवं निर्मला बैद शामिल है। बैठक में समिति द्वारा संचालित शिशु संस्कार केंद्र एवं संस्कार पब्लिक स्कूल के विस्तार एवं उन्नयन पर चर्चा कर तदनुसार कार्य करने का लिया गया।



## जनपद पंचायतों में विशेष पंजीयन शिविर आज से

**महासमुंद।** केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों एवं उपलब्धियों के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में साल विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के अंतर्गत जिले में 18 जून से 20 जून 2026 तक तीन दिवसीय पंजीयन एवं जनजागरुकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा तथा उन्हें योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने, पात्र हितग्राहियों की पहचान करने तथा योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाएगा।

## पंचायतों में ग्रामसभा 24 को, आवास पर होगी चर्चा

**महासमुंद।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का वाचन एवं अवलोकन किया जाएगा तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण कर ग्राम सभा से अनुमोदन उपरांत सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा पंचायतों के आय-व्यय, विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 तथा विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजीराम) सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

# पचरी और नरतोरा में विधायक ने सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को ग्राम पचरी एवं नरतोरा में आमजनों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण के लिए आश्वासन भी दिया।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव पहुंचकर आमजन से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों से रूबरू हो रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को वें ग्राम पचरी पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बातें विधायक के समक्ष रखी। उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनकर विधायक सिन्हा ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया। इसके बाद वें ग्राम नरतोरा पहुंचे और जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के उचित निराकरण के साथ उन्होंने केंद्र एवं राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने ग्राम के जनप्रतिनिधियों से भी योजनाओं के कार्य के संबंध में चर्चा कर सुचारू रूप से संचालन के लिए निर्देशित किया। यहां भी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नव विवाहित जोड़े को उपहार प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।



### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा नेता शम्मी सलूजा, पप्पू पटेल, निर्भय नायक, कमल कौशिक, छविंद्र पटेल, राकेश साहू, हनी गंभीर, राजा अग्रवाल, जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन, पचरी सरपंच सरिता डड़सेना, उप सरपंच गैंदराम जोशी, नरतोरा सरपंच जीतराम पटेल, उपसरपंच राजेंद्र कुमार दीवान सहित रुद्र कुमार डड़सेना, जनक राम डड़सेना, राजेश लहरे, देव कुमार टंडन, सतीश मारकंडे, मयाराम टंडन, ओमप्रकाश यादव, योगेंद्र पटेल, नीलकंठ पटेल, मदन लाल पटेल, मीना बाई दीवान, लीलाबाई पटेल, इंदु पटेल, इंद्राणी यादव, कलिंद्री, गंगाबाई ठाकुर, सोनकुंवर पटेल, ईश्वर पटेल, सालिकराम पटेल, राकेश टंडन, विशाल मन्नाडे, राकेश कुमार दीवान, भूषण लाल, पटेल, राजुकमार टंडन, हिरऊ ढीढी, राजकुमार यादव, नंदलाल, लेखराम पटेल, भोजनाथ यादव, दीनदयाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जिले में 94 प्रतिशत महिलाओं की केवाईसी पूर्ण

# महतारी वंदन योजना गरियाबंद जिले की महिलाओं के लिए बनी आर्थिक मददगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गरियाबंद जिले में इस योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब योजना को और अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए ई–केवाईसी सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के अनुसार जिले में 1 लाख 78 हजार 912 हितग्राहियों का ई–केवाईसी करना था जिसमें अब तक 1 लाख 68 हजार 663 का हो चुका है। अब तक 94 प्रतिशत हो चुका है। यह जिले में बहुत तेजी से किया जा रहा है। लाखों महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही हैं। प्रत्येक हितग्राही महिला के खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि सीधे ट्रांसफर की जा रही है। विभाग द्वारा महिलाओं से समय रहते ई–केवाईसी पूरा कराने की अपील की जा रही है, ताकि राशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

ई–केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बनाने के लिए जिले के विभिन्न च्वाइस सेंटरों एवं संबंधित केंद्रों में व्यवस्था की गई है। महिलाएं आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ पहुंचकर आसानी से सत्यापन करा रही हैं विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी करते हुए हितग्राहियों से संपर्क भी किया जा रहा है। कई स्थानों पर नाम या दस्तावेजों में त्रुटियों को भी सुधारा जा रहा है, जिससे महिलाओं को योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे अधिकारियो का कहना है जिन हितग्राहियो के दस्तावेजो मे तकनीकी त्रुटिया है उन्हे भी सुधार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।





### नए हितग्राहियों को भी योजना से जोड़ने की मांग

महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह बना हुआ है। जिले में कई ऐसी महिलाएं भी हैं जो भविष्य में योजना से जुड़ने की उम्मीद लगाए हुए हैं। शादी के बाद पात्र हुई महिलाएं तथा पूर्व में आवेदन से वंचित रह गई महिलाएं योजना का पोर्टल खुलने की प्रतीक्षा कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि यह योजना घरेलू जरूरतों को पूरा करने और आत्मनिर्भर बनने में सहायक साबित हो रही है। योजना से जुड़ने के बाद महिलाओं में आर्थिक आत्मविश्वास बढ़ा है तथा परिवार की छोटी–बड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है।

### ई–केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से हितग्राहियों से लगातार संपर्क साधा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ई–केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि जिले में ई–केवाईसी अभियान को तेजी से पूरा किया जा रहा है। जिन महिलाओं का सत्यापन शेष है, उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की जा रही है। उन्होने बताया पूरे गरियाबंद जिले मे 94 प्रतिशत ई–केवाईसी का कार्य हो चुका है।

### बुजुर्गों के फिंगर प्रिंट नहीं मिलने से हो रही परेशानी

गरियाबंद जिले मे जो 6 प्रतिशत ई–केवाईसी का कार्य नहीं हुआ है उसमें सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों को जो रही है। उंगलियों के फिंगर प्रिंट एवं मशीन में मैच नहीं हो रहा है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग महिलाओ को भारी परेशानी हो रही हैं।



## सरस्वती शिशु मंदिर में शाला प्रवेश उत्सव

**राजिम।** सरस्वती शिशु मंदिर में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती पूजन के बाद छात्रों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश उत्सव कराया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## चंदना में चला स्वच्छता अभियान



**नवापारा–भेण्डरी।** चंदना में स्वच्छता अभियान के तहत तालाब किनारे पचरी तालाब परिसर की साफ-सफाई कर पौधारोपण किया गया। इसके अलावा गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच जीवन यादव एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बसना में महिला मोर्चा का आयोजन, कम तेल-कम गैस, पौष्टिक आहार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/बसना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा बसना के मंगल भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ जीवनशैली और पौष्टिक आहार को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कार्यक्रम प्रभारी सुमित्रा दाहिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम सांसद एवं भाजपा उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू और विधायक संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य विषय बिना तेल, बिना गैस के पौष्टिक आहार तैयार करना रहा। इस दौरान महिलाओं को कम तेल और कम गैस के उपयोग से बनने वाले स्वास्थ्यवर्धक भोजन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता सुमित्रा दाहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, जिसमें मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिवार ही विकसित समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। महिलाओं को पौष्टिक, उबले हुए और कम तेल वाले भोजन को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे परिवार का स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ-साथ घरेलू खर्च में भी कमी आएगी।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि अधिक तेल, मसाले और गैस के उपयोग से भोजन के पोषक तत्व कम हो जाते हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने पारंपरिक खानपान की महत्ता बताते हुए कहा कि पहले लोग उबले हुए चावल और अन्य प्राकृतिक खाद्य पदार्थों का सेवन करते थे, जिससे उन्हें पर्याप्त पोषण मिलता था। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में तले-भुने भोजन की बढ़ती प्रवृत्ति स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए उबले हुए एवं कम तेल वाले भोजन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान को जन जन तक पहुंचाने महिलाओं आग्रह किया।

# शहर में पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने एवं योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में स्वनिधि योजना के लाभार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधा, समय पर ऋण अदायगी के लाभ, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा तथा आगामी ऋण किश्तों की पात्रता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सफल हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए, जिससे अन्य पथ विक्रेताओं को भी योजना से जुड़ने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध हो रही है। उन्होंने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से योजना का लाभ लेने एवं समय पर ऋण भुगतान करने की अपील की।

### योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बनने एवं समय पर ऋण भुगतान के लिए नपाध्यक्ष ने किया प्रेरित

नगर पालिका उपाधयक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना देश के रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों को बिना किसी जमानत के आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज ने हितग्राहियों को योजना संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

# ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय शिवाय क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, निरंतर मेहनत एवं समर्पण के साथ अपने खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा शिवाय क्रिकेट अकादमी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अकादमी के कोच तृपेश कुमार साहू ने बताया कि अकादमी पिछले कई वर्षों से महासमुंद के खिलाड़ियों को व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। अकादमी का उद्देश्य केवल खिलाड़ियों को क्रिकेट सिखाना नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं खेल भावना का विकास करना भी है। इसी सतत प्रयास का परिणाम है कि अकादमी के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज साकेत चंद्राकर, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यशवर्धन यादव, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर विभय टंडन, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक मानस डडसेना, अंडर-10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विराट मोहंती, अंडर-12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनंत हरि पांडेय, अंडर-12 सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अनंत हरि पांडेय, अंडर-12 सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अर्नव चंद्राकर, मैन ऑफ द सीरीज यशवर्धन यादव शामिल है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। उपस्थित अभिभावकों ने अकादमी द्वारा बच्चों के खेल विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। अंत में कोच तृपेश कुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पेज 9 के शेष

### काला झंडा दिखाने जा...

पुलिस बल एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया और किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोक दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रुपेश साहू सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। इस दौरान गरियाबंद-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे राजिम विधायक रोहित साहू का काफिला भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। बाद में प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था सुचारू कर दी गई तथा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निर्धारित समयानुसार संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई के चलते पूरे घटनाक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था नियंत्रण में रही। स्थानीय लोगों के अनुसार विरोध प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई थी, लेकिन प्रशासन ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने नजरबंद करने का लगाया आरोप :** हमारे गरियाबंद प्रतिनिधि के अनुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाया है कि देवभोग पुलिस ने उन्हें जिला मुख्यालय पहुंचने और विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए उनके निवास पर ही नजरबंद कर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा को उनके गृह ग्राम दरलीपारा स्थित निवास पर पुलिस निगरानी में रखे जाने को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का आरोप लगाया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा को उनके गृह ग्राम दरलीपारा स्थित निवास पर पुलिस निगरानी में रखे जाने को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का आरोप लगाया है।

### नेशनल हाईवे पर हादसा, एक...

पैर ट्रक के पहियों के नीचे आने से पूरी तरह कुचल गया। घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से मैनपुर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद एक को मृत घोषित कर दिया दूसरे गंभीर रूप से घायल का उपचार किया जा रहा है।



खबर संक्षेप

## धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**महासमुंद।** ग्राम बालसी में एक व्यक्ति के ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को परसु राम अजगल्ले पिता रेशम लाल अजगल्ले (27 वर्ष) ने बताया कि 10 जून की रात परिवार के साथ खाना खाने के पश्चात घर के बाहर आंगन में खाट लगाकर लेटा था, बगल में ही मेरी मां रामिन बाई, पिता रेशम लाल और पत्नी चेतन अजगल्ले सोये थे। रात्रि करीब 10 बजे अचानक से मेरे सिर में धारदार वस्तु से किसी ने वार किया, जिससे गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। उसे परिवार एवं पड़ोसी सरकारी अस्पताल सरायपाली लाए एवं वहां से बसना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वह 11/06/26 से 15/06/26 तक भर्ती रहा।

## अस्पताल में मारपीट मामला, दूसरे पक्ष ने भी लिखाई रिपोर्ट

**महासमुंद।** जिला अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में हुई मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थिया शीतल धीवर निवासी खरोरा ने बताया कि वह शासकीय अस्पताल महासमुंद के कैंटीन में खाना बनाने एवं मरीजों को खाना बांटने का काम करती है। 15 जून की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच जिला अस्पताल के अंदर डिलीवरी वार्ड में जूठा बर्तन उठाने अपने सहकर्मी के साथ गई थी। वापस कैंटीन की ओर जाने के दौरान ओटी कक्ष के सामने दुलेश्वर सेन महिला गार्ड कांति बाई को बोल रहा था कि मेरे को डिलीवरी वार्ड से बाहर निकाल रहे हो, तुम लोगो को देख लूंगा कहकर गाली गलौज कर रहा था। तब उसने एवं सहकर्मी ने दुलेश्वर सेन को गाली गलौज करने से मना कर वहां से जाने कहा। इस पर दुलेश्वर सेन ने उसे एवं उसकी सहकर्मी को गालियां देने लगा और मुझे थप्पड़ मार दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 31 साल बाद हुआ 1995 बैच का ऐतिहासिक गुरु-शिष्य मिलन समारोह

# यादों के गलियारे में लौटे हरिहर हायर सैकंडरी के पुराने साथी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नवापारा-राजिम के 1995 का गुरु-शिष्य मिलन समारोह 14 जून को आयोजित किया गया। कुछ पुरानी बातें और बहुत सारी यादों के साथ 31 साल पुराने छात्रों ने एक बार मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। दौर ऐसा रहा कि व्यवसायी, इंजीनियर, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षक और राजनीति के उच्च शिखर पर आसीन वर्तमान पहचान को भूलकर एक बार फिर स्वयं को 1995 बैच का छात्र मानते हुए एक दूसरे से मिलकर भावुक हो गए। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के साथ साथ झारखंड एवं मध्यप्रदेश से दोस्त समारोह में शामिल होने नवापारा नगर में एकत्रित हुए थे। कुछ छात्रों ने इस आयोजन के लिए बहुत मेहनत की और देखते ही देखते बहुत कम समय में एक शानदार आयोजन की रूपरेखा बन गई। इसमें मंच संचालन, चाय-नाश्ता, दोपहर का खाना और शाम को हाई-टी सभी कुछ छात्रों ने आपस में मिल कर आयोजित किया था। पूरा आयोजन आपसी सामंजस्य, प्रेम और उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन की सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान के साथ हुई। फिर छात्रों का धमाकेदार स्वागत किया गया। फिर नाश्ता और शुरू हुआ यादों की बरसात का एक आकर्षक कार्यक्रम। कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण बात ये रही कि इसमें प्रत्येक छात्र को अपनी-अपनी बात रखने और वर्तमान में अपने क्षेत्र, कामकाज और परिवार की पूरी जानकारी देने का सुअवसर प्राप्त हुआ। अपने पुराने स्कूल पहुंचकर वहां की यादें ताजा की। फिर सारे मित्र बाइक रैली के रुप में 31 साल पुराने अपनी उन यादों को साझा करने के लिए शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। जहां प्राचार्य फाखरा खानम दानी का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। स्कूल का भ्रमण करने और अपनी पुरानी कक्षाओं के डेस्क-बेंचों पर दोस्तों के साथ बैठकर उन्होंने स्कूल के दिनों की यादों को ताजा किया। छात्रों ने वर्तमान प्राचार्य और



दोस्तों के साथ स्कूल प्रांगण में खिंचवाई गई ग्रुप फोटो को जीवन की अमूल्य धरोहर बताया। दूसरे सत्र में हुआ गुरुजनों के सम्मान कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शाम चार बजे गुरुजनों के सम्मान और आशीर्वाद के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य आर बी शर्मा, आर.एन. तिवारी, एन के शर्मा, प्राचार्य फाखरा खानम दानी, एस आर सोन, एम एल साहू, जी.एल. साहू, आर एल साहू उपस्थित रहे। गुरुजनों ने की हरिहर के आदर्श संस्कारों की बात। इस अवसर पर उपस्थित गुरूजनों ने शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के अनुशासन और संस्कारों की जमकर सराहना की। साथ ही सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। समय बदल जाए पर मित्रता की डोर कमजोर न हो। शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय 1995 का गुरु-शिष्य मिलन समारोह ने साफतौर पर यह संदेश दिया कि समय कितना भी बदल जाए, कितनी भी व्यस्तताएं हो जाए, कितनी भी तकलीफें जीवन में आए पर मित्रता की डोर कमजोर न होने पाएं। भावुक था विदाई का पल। समय कितना तेजी से बीतता है, इसका अंदाजा तभी लगा जब सभी छात्र सुबह 9 बजे से ही जुटने लगे और दोपहर होते-होते पूरा सभागार बैच 1995 के छात्रों से भर गया। परिचय के साथ-साथ गीत-संगीत के कार्यक्रम ने महफिल और सजा दिया। ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा था कि ये आयोजन 31 साल के पुराने साथियों का हो, उम्र के इस पड़ाव में भी छात्रों ने वही रंगत बिखेरी, जो 12वीं कक्षा पढ़ते समय थी। खूब डांस और भरपूर मनोरंजक आयोजन के साथ एक बार फिर समय ने करवट ली और विदाई की बेला आ गई पता ही नहीं चला। विदाई लेते समय मित्रों को इस बात का जरूर अहसास रहा कि अब फिर किसी ऐसी ही दिन के इंतजार हमें एक-दूसरे से रूखसत होना पड़ेगा। भावुक साथियों ने एक-दूसरे को गले लगाया और एक बार फिर सभी से विदाई ली। कार्यक्रम में ये छात्र शामिल रहे...यशवंत सोनी, जितेन्द्र भट्ट, आलोक पहाड़िया, बलराम देवांगन, देवानंद मेघवानी, अजय अग्रवाल, राजा चावला, धीरेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र साहू, अवधेश साहू, किशोर देवांगन, ज्ञानेश शर्मा, गोर्वधन अग्रवाल, प्रवीण झा, एकान्त प्रिय चौहान, कौशल स्वर्णबेर, अक्षय अग्रवाल, संग्राम सिंह ठाकुर अखिलेश शर्मा, जितेन्द्र मध्यानी, सुशील सिंघई, राजेश विश्वकर्मा, राजकुमार जैन, किशोर साहू, पीयूष ठाकुर, रवि जीवन, अजीत जैन, रामआसरा चक्रधारी, शत्रुघन हिरवानी, प्रमोद चंद्राकर, विजय जैन, रितेश जैन, नवल साहू, पीयूष ठाकुर, शशिकांत साहू, सतीश पटेल, जनक देवांगन, भरत रावलानी, रमेश सोनकर, युवराज सेन, नारायण पाटकर, इकेश गजेन्द्र, हेमराज साहू, होरीलाल साहू सहित 1995 बैच के सभी छात्र उपस्थित रहे।

## पीएमश्री हरिहर विद्यालय में शाला प्रवेश मना

**नवापारा-राजिम।** पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष सौरभ जैन थे। विशिष्ट अतिथि अशोक गंगवाल एवं एस.आर. सोन ,प्राचार्य दानी मैम थीं। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीप मंत्र, सरस्वती वंदना एवं गुरु मंत्र का सामूहिक गायन किया गया, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं प्रेरणादायी वातावरण से सराबोर हो गया। प्राचार्य दानी मैम ने सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। कहा कि छोटे-छोटे बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं जिन्हें हमारे उत्कृष्ट शिक्षक अपने मार्गदर्शन, शिक्षा और संस्कारों से गढ़कर एक मूल्यवान व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गत शैक्षणिक सत्र की तुलना में इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा है तथा आगामी वर्षों में इससे भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने की अपेक्षा एवं विश्वास है। साथ ही विद्यार्थियों को विद्यालय के नियमों, अनुशासन एवं शैक्षणिक गतिविधियों से भी अवगत कराया गया। विशिष्ट अतिथि अशोक गंगवाल ने कहा कि केवल पुस्तकीय ज्ञान ही



पर्याप्त नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार एवं नैतिक मूल्य भी जीवन में सफलता के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा चॉकलेट एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया।



# किसानों का मुद्दा सियासी गलियारों में गरमाया

**छुईहा बेलर।** प्रदेश की सियासत में एक बार फिर किसान मुद्दा केंद्र में आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से क्षेत्र की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू ने सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के बाद श्रीमती साहू ने भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोला।

- पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मिलीं पुष्पा साहू, भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला

सूत्रों के अनुसार विशेष भेंट-मुलाकात में वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य और प्रदेश की कृषि स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। श्रीमती साहू ने पूर्व सीएम बघेल को किसानों की समस्याओं, खाद-बीज की कालाबाजारी, समर्थन मूल्य, बिजली संकट और गैस की किल्लत से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां किसानों के हित में नहीं, बल्कि कॉरपोरेट हितैषी हैं।

**कांग्रेस का जोरदार विरोध का ऐलान :** भेंट के बाद श्रीमती साहू वापस आने पर छुईहा में कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज किया गया है। जिस तरह से किसान की अनदेखी हो रही है, उसका जवाब अब सड़क से सदन तक और तेज किया जाएगा। आम जनता के साथ-साथ किसान वर्ग का हमें पूरा समर्थन मिल रहा है।

कांग्रेस अब जमीनी स्तर के नेताओं को आगे कर किसान मुद्दे को धार देने की रणनीति पर है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि आगामी चुनाव से पहले किसान वर्ग को साधना कांग्रेस की प्राथमिकता बन गई है।

## विनोद सिन्हा बने सहायक विकास शिक्षा अधिकारी

**पाण्डुका।** संकुल केंद्र अतरमरा के उत्कृष्ट एवं नवाचारी संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा की नियुक्ति सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरा के पद पर हुई है। जिससे क्षेत्र के शिक्षकों में हर्ष है। सभी शिक्षकों ने अपने-अपने सुविधा अनुसार विनोद सिन्हा को सोशल मीडिया तथा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बधाई संदेश दिए।

ज्ञात हो की विनोद सिन्हा ने संकुल समन्वयक अतरमरा के पद पर कार्य करते हुए विभिन्न प्रकार के नवाचारी गतिविधियां एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु अत्यधिक प्रयास किए हैं। जिसका परिणाम उत्कृष्ट रहा। इसके लिए कलेक्टर गरियाबंद द्वारा उत्कृष्ट संकुल समन्वयक जिला गरियाबंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हमें आशा



ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि उनका प्रयास पूरे विकास खण्ड को उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए सार्थक होगा।

सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्ति होने पर शिक्षक संतोष साहू, मानिक साहू, योगेश साहू, योगेंद्र साहू, चेतन ध्रुव, गौतम साहू, दिनेश्वर साहू, ताम्रजध्वज साहू, बलराम साहू सहित पूरे विकास खण्ड के शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बधाई दी।




प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022, दीपक साहू, संवाददाता सुरसाबांधा, मो. 8959346055

## खबर संक्षेप

### देवेंद्र सिंह को भाजपा में मिली बड़ी जिम्मेदारी



**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती और किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए देवभोग क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनसेवक देवेंद्र सिंह ठाकुर को भाजपा किसान मोर्चा जिला रायपुर का प्रभारी नियुक्त किया है। जानकारों के अनुसार, यह पहली बार है जब देवभोग क्षेत्र के किसी नेता को प्रदेश की राजधानी रायपुर जिले में किसान मोर्चा के प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं, किसानों और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

### तहसील पटेल संघ के लीला राम ठाकुर बने अध्यक्ष

**गरियाबंद।** तहसील मुख्यालय स्थित साईं मंदिर परिसर में बुधवार को गरियाबंद तहसील पटेल संघ की महत्वपूर्ण बैठक एवं चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति और लोकतांत्रिक तरीके से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मैनपुर-2 के कृष्ण कुमार यादव को निर्विरोध संघ का संरक्षक तथा सढ़ौली के लीला राम ठाकुर को सर्वसम्मति से तहसील पटेल संघ का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के दौरान श्रीराम भरोसा महुआभाठा को सलाहकार, तिहार सिंह ठाकुर चिंगरमाल को उपाध्यक्ष, छबिराम नेताम कासरबाय को सचिव तथा जय सिंह दीवान संबलपुर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा छह सदस्यीय कार्यकारिणी में लच्छन सिंह ठाकुर कौन्दकेरा, शिवलाल मरकाम मरदाकला, गंगुराम साहू सड़क परसूली, अमृतलाल ध्रुव पारागांव, ढाल सिंह भुजिया रायआमा तथा हिराऊ राम कासरबाय को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि रियासत काल से ही ग्राम पटेल शासन और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते आए हैं। गांवों में कानून व्यवस्था बनाए रखने, राजस्व संबंधी कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी अहम भूमिका रही है। पदाधिकारियों ने कहा कि संघ की प्राथमिकता ग्राम पटेलों के मानदेय में वृद्धि, ग्राम सभाओं में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व दिलाने तथा तहसील स्तर पर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रयास करना होगा। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाकर ग्राम पटेलों के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प भी लिया।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया व वार्ड नं. 1 निवासी सुशीला गोड़ ने बताया कि 15 जून की रात 11 बजे को उसका लड़का अमरजीत घर के छत के ऊपर खड़ा हुआ था, उसी समय भरत साहू एवं उसके अन्य साथी के साथ हमारे घर के सामने से जा रहे थे, उसके लड़के को छत में देख कर उन लोगों ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारी मां हम लोगों को शराब बेचते हो कहकर शिकायत कर रही है, जिस पर अमरजीत ने मुझे मालूम नहीं है कहा।

# 12वीं की टॉपटेन छात्रा का विधायक ने किया सम्मान, शहर का नाम रौशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मंगलवार को शहर के शास कन्या उच्च मा विद्यालय के शाला प्रवेश उत्सव के दौरान एक गरिमामय समारोह के बीच प्रेमिन सोनकर का सम्मान विधायक रोहित साहू ने मोमेंटो शॉल श्री फल प्रतीक चिन्ह एवं नगद राशि देकर किया। यह छात्रा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में दसवां स्थान हासिल की है। जैसे ही इस छात्रा का सम्मान विधायक रोहित साहू ने किया वैसे ही पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कहावत है मेहनत, लगन और मजबूत हौसलों के आगे आर्थिक अभाव भी बौने साबित होते हैं। इसका जीवंत उदाहरण बनकर राजिम के इसी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की कक्षा बारहवीं की यह छात्रा प्रेमीन सोनकर ने पेश किया। खास बात यह है कि सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बावजूद इस होनहार छात्रा ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में दसवां स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। बताया जाता है कि छात्रा एक अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखती है, जहां रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके बावजूद उसने अपनी पढ़ाई को कभी प्रभावित नहीं होने दिया। कठिन परिस्थितियों में भी नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर उसने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। छात्रा की इस सफलता से विद्यालय परिवार में बेहद खुशी का माहोल देखा गया। शाला के मैम एवं शिक्षकों ने इसे उनकी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। स्कूल की प्राचार्य संध्या शर्मा ,व्याख्याता अनुपमा ठाकुर, शिक्षक विवेक शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना है।



### प्रतिभा किसी साधन की मोहताज नहीं

विधायक रोहित साहू,नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, शास राजीव लोचन महाविद्यालय जनभागीदारी की अध्यक्ष छाया राही, नगर पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,कन्या शाला जनभागीदारी की अध्यक्ष देवकी साहू एवं शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षा प्रेमियों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी है। उसने बताया कि उसका सपना एलएलबी कर आगे समाज और देश की सेवा करना है। इस उपलब्धि ने राजिम शहर को गर्व का अवसर दिया है और यह संदेश भी दिया है कि प्रतिभा किसी साधन की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बता दें कि कामर्स की यह छात्रा ने व्यवसाय अध्ययन में 100 में 99 अंक, लेखाशास्त्र में 100 में 98, हिंदी में 100 में 95, बैंकिंग में 100 में 93 और औद्योगिक संगठन में 100 में 97 अंक प्राप्त की है।

## मैनपुर क्षेत्र के अधिकांश स्कूल में नहीं है पंखा, पेयजल और मूलभूत सुविधाएं

# अव्यवस्थाओं के बीच नया शिक्षा सत्र प्रारंभ प्रथम दिन भी बच्चों को नहीं मिलीं पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में अव्यवस्थाओं के बीच नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया। क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में पंखा व अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं है। इस भीषण गर्मी में बच्चे स्कूल में परेशान होते दिखे। इन दिनो ताममान चरम पर है। भीषण गर्मी से लोग परेशान हो गये हैं और मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के लगभग 65 ग्राम पाराटोला आज तक बिजली ही नहीं लगी है। ऐसे में इन गांवों में संचालित होने वाले स्कूलों में पंखा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बच्चे उत्साह से आज स्कूल गये लेकिन गर्मी से परेशान होते नजर आये। हालंकि शिक्षा विभाग के अधिकारी कागजों में अपने रिपोर्ट आला अधिकारियों को प्रस्तुत कर सभी स्कूलों में पंखा और मूलभूत सुविधाएं होने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में पंखा तो लगा है, लेकिन बंद पड़ा हुआ है और गर्मी रौद्र रूप दिखा रहा है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में तो पेयजल की भी सुविधाएं नहीं है। एक तरफ पंखा नहीं चलने से गर्मी में बच्चे परेशान उपर से पेयजल तक की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। कांग्रेस नेताओं व वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने कहा ऐसे में यदि भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में बच्चों की सेहत बिगड़ता है तो क्या शासन जिम्मेदार होगा। ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने तो अपने रिपोर्ट में भी क्षेत्र के कई स्कूलों में पानी नहीं होने के साथ ही झरिया के पानी बच्चों के द्वारा पीये जाने का उल्लेख किया गया है, जो सरकार के तमाम विकास के दावो की पोल खोल रही है।



### गणवेश और पुस्तक अभी तक नहीं पहुंचा

पूर्व वर्षों मे नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही बच्चों को गणवेश और पुस्तक वितरण कर दिया जाता था, लेकिन मैनपुर विकासखण्ड के 254 प्राथमिक शाला और 115 मिडिल स्कूल मे अभी तक पाठ्य पुस्तक नहीं पहुंची है। साथ ही गणवेश भी नहीं पहुंचा है। आज शिक्षा सत्र के प्रथम दिन कोई भी स्कूल में पुस्तक और गणवेश वितरण नहीं किया गया। इस संबंध में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के ब्लॉक समन्वयक एस के नागे ने बताया कि अभी तक पाठ्य पुस्तक नहीं पहुंची और गणवेश भी नहीं पहुंचा है।

### 5वीं और 8वीं की अंकसूची भी वितरण नहीं हुई

नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है, लेकिन आपको जानकर यह बड़ा आश्चर्य होगा कि आज तक 5वीं और 8वीं के बच्चों को अंकसूची नहीं मिल पायी है। इस संबंध में जानकार कहते हैं, इतिहास में पहली बार परीक्षा परिणाम के ढाई महीने बाद भी आज तक 5वीं और 8वीं के बच्चों को अंकसूची नहीं दी गई है। छात्र और अभिभावक बच्चों के एडमिशन को लेकर चिंतित है अभी तक बच्चों को अंकसूची मिल जाना था।



## सशिमं में मना प्रवेश उत्सव

**छुरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी बच्चों को तिलक चंदन एवं आरती सजाकर उनकी पूजा की गई एवं उनका मुंह मीठा किया। इस अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्मठ समाजसेवी शीतल ध्रुव उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक होना चाहिए और पहले दिन से ही विद्यालय आना चाहिए और माता-पिता का प्रणाम, बड़ों का प्रणाम करना, उनकी बात मानना यही हमारी संस्कृति की विशेषता है और इस संस्कृति को हमें हमेशा जीवित रखना है। प्रवेश उत्सव पर स्थानीय समिति के संरक्षक ओंकार शाह, अध्यक्ष विजय गुप्ता, व्यवस्थापक संतोषी यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लगभग 200 बच्चों की उपस्थिति रही। प्रवेश उत्सव के इस अवसर पर टीकम मरकाम, किरण वर्मा, ओम डहरिया, कविता यदु, अलका सिन्हा, कुंती साहू, मैनाज बेगम, टेकेश्वरी तारक, भारती यादव, गणेशु निषाद, निधिका शाह, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, राहुल सिन्हा, सेवक निषाद, रितु शर्मा उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्राचार्य संतोष वर्मा ने किया।

### कलेक्टर ने अच्छे रिजल्ट पर प्राचार्य को किया सम्मानित



**राजिम।** कलेक्टर बीएस उइके ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में कक्षा दसवीं के बोर्ड में 100 प्रतिशत परिणाम आने पर प्राचार्य रामनारायण मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य श्री मिश्रा ने बताया कि 100 प्रतिशत रिजल्ट यह सभी विषय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का फल है। इस अवसर पर डीईओ राजेश चंद्राकर ,जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, बीईओ हेमंत साहू, बीआरसी सुभाष शर्मा मौजूद थे।

## साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति का निर्वाचन 12 को



**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति का निर्वाचन 12 जुलाई को होगा। इस संबंध में औपचारिक निर्वाचन अधिसूचना जारी कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह निर्वाचन साहू छात्रावास परिसर, राजिम में संपन्न होगा। जारी सूचना के अनुसार मतदाता सूची जमा कराने की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप कराई जा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. नारायण साहू के नेतृत्व में चुनाव संपन्न होगा। वहीं निर्वाचन कार्य के पर्यवेक्षण हेतु बोधन साहू को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 15 जून से 25 जून तक मतदाता सूची एवं संबद्धता शुल्क जमा करने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में चुनाव पर्यवेक्षक बोधन साहू ने साहू छात्रावास परिसर पहुंचकर सहायक निर्वाचन अधिकारियों से मुलाकात की और प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी रविशंकर साहू, रामकुमार साहू एवं अन्य उपस्थित थे। मतदाता सूची जमा करने के लिए परिक्षेत्र साहू समाज राजिम के अध्यक्ष प्रकाश साहू ,सचिव लीलाराम साहू एवं नगर साहू संघ राजिम के सचिव राजू साहू कोषाध्यक्ष तरुण साहू एवं अन्य संबद्ध इकाइयों के पदाधिकारी भी चुनाव कार्यालय पहुंचे, जहां मतदाता सूची जमा कर रसीद प्राप्त की गई। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 28 जून को मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन किया जाएगा। 4 जुलाई 2026 को दावा-आपत्ति निराकरण के पश्चात अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। 5 जुलाई को नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होगी। और 12 जुलाई को मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।इस निर्वाचन में समिति के कुल पाँच पदों-अध्यक्ष, उपाध्यक्ष (दो पद) एवं संगठन सचिव (दो पद)-के लिए चुनाव होगा। निर्वाचन से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेखित हैं। चुनाव पर्यवेक्षक बोधन साहू ने विभिन्न जिलों का दौरा कर जिला अध्यक्षों से मुलाकात कर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया।

■ चुनाव पर्यवेक्षक बोधन साहू ने लिया तैयारियों का जायजा



## भेण्डरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**नवापारा-भेण्डरी।** शासकीय वीर शहीद बलराम ध्रुव, शासकीय उच्चतर मध्य विद्यालय भेण्डरी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को मुंह मीठा एवं पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच राजेश्वरी पटेल ,जनपद सदस्य विनीता साहू ,पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन ,जनभागीदारी अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव , हेमंत साहू, नंदू सेन, प्राचार्य ज्योति बघेल मौजूद थे।

## वरिष्ठों की उपेक्षा कर कनिष्ठों को प्रभार देना नियमों का उल्लंघन

**राजिम।** प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह एवं प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने कहा कि पिछले दिनों शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरें जाने आदेश प्रसारित हुआ। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक पारदर्शिता कटघरे में है। विभाग में चर्चा का बाजार गर्म है, आखिर कई वरिष्ठ प्राचार्य की मौजूदगी के बावजूद कनिष्ठों पर मेहरबानी क्यों की गई? विभाग में वरिष्ठता और नियमों को ताक में रखकर अपने चहेते को उपकृत करने का मामला सामने आया है। कई अनुभवी प्राचार्य वरिष्ठों को दरकिनार कर कनिष्ठों को उच्च पदों पर नियुक्ति से वरिष्ठ प्राचार्य में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने नाराजगी जताई है। बताया कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा 14 सितंबर 2014 को जारी परिपत्र में यह स्पष्ट निर्देश है कि विभाग में रिक्त वरिष्ठ पदों का चालू प्रभार संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को बिना किसी युक्तियुक्त प्रशासकीय कारण से बाईपास करते हुए कनिष्ठ अधिकारियों को ना सौंपा जाए। परिपत्र में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन विभागों में इस तरह के कनिष्ठ अधिकारी वरिष्ठ पदों के प्रभार में है उन्हें प्रशासकीय विभाग द्वारा तत्काल भारमुक्त किया जाकर वरिष्ठ एवं योग्य अधिकारियों को ही प्रभार दिया जाए। संगठन मंत्री ने कहा कि वरिष्ठों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वरिष्ठता और योग्यता को ध्यान में रखकर सामान्य प्रशासन के नियमों के अनुसार प्रभार सौंपा जाए।



ओंकार सिंह ठाकुर



रामनारायण मिश्रा

## इंडियन आर्मी में चयनित तरूण और धनंजय का एकेडमी ने किया सम्मान

**सुरसाबांधा।** क्षेत्र के लिए गौरव एवं खुशी का पल उस समय देखने को मिला जब ग्राम लोहरसी के तरूण साहू एवं ग्राम रवेली के धनंजय निषाद का चयन इंडियन आर्मी में हुआ।

उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर तारा एथलेटिक अकैडमी के समस्त सदस्यों एवं खिलाड़ियों द्वारा होम ग्राउंड में फूल-मालाओं के साथ आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया गया। तारा एथलेटिक अकैडमी के संचालक एवं प्रशिक्षक ताराचंद निषाद ने बताया कि पिछले लगभग चार वर्षों से अकैडमी के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को निःशुल्क रूप से शारीरिक प्रशिक्षण, दौड़ एवं सेना भर्ती की तैयारी कराई जा रही है। सीमित संसाधनों के बावजूद लगातार मेहनत और अनुशासन के बल पर आज अकैडमी के खिलाड़ी सेना में चयनित होकर क्षेत्र, गांव एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर चयनित जवानों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरु एवं प्रशिक्षक ताराचंद निषाद को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता मिली। सम्मान समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों ने दोनों युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए देश सेवा के उनके संकल्प की सराहना की। तारा एथलेटिक अकैडमी द्वारा किए जा रहे निःशुल्क प्रशिक्षण एवं युवाओं को सही दिशा देने के प्रयास की क्षेत्रभर में प्रशंसा की जा रही है।



## मैनपुर में हर बाजार निःशुल्क बंट रहा पारंपरिक मड़िया पेज और चना घुघरी

# फास्ट फूड के दौर में संस्कृति की अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आधुनिक खान–पान और फास्ट फूड के बढ़ते चलन के बीच आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के अमलीपदर में आज भी पारंपरिक देसी भोजन की संस्कृति जीवित है। इसकी मिसाल पेश कर रहे हैं।

अमलीपदर के पूर्व सरपंच एवं वर्तमान में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव सेवन सिंह पुजारी, जो हर साप्ताहिक बाजार में लोगों को निःशुल्क मड़िया पेज और चना घुघरी का वितरण कर रहे हैं। सेवन सिंह पुजारी का कहना है कि पुराने समय में उनके पिता घर पर आने–जाने वाले लोगों को मड़िया पेज पिलाने और देसी भोजन कराने की परंपरा निभाते थे इसलिए उन्होंने इस परंपरा को बाजार चौक तक पहुंचाने का निर्णय लिया। सेवन सिंह पुजारी बताते हैं कि मड़िया पेज गमएँ के मौसम में शरीर को ठंडक प्रदान करता है और व्यक्ति को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखता है। पुराने समय में लोग गमएँ के दिनों में नियमित रूप से माड़िया पेज और चना घुघरी का सेवन करते थे, लेकिन पाश्चात्य खान–पान के प्रभाव से यह परंपरा धीरे–धीरे कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल से एक ओर लोग अपनी पारंपरिक खाद्य संस्कृति से जुड़ रहे हैं, वहीं बाजार आने वाले लोगों और व्यापारियों को गर्मी से राहत मिलने के साथ उनका पेट भी भर रहा है। उन्होंने लोगों से देसी भोजन अपनाने और पाश्चात्य खान–पान से दूरी बनाने की अपील करते हुए कहा कि पारंपरिक आहार न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि जीवनशैली को भी संतुलित बनाता है। जानकारी के अनुसार हर सप्ताह करीब 8 किलो चने की घुघरी और 6 से 7 मटके मड़िया पेज का वितरण किया जा रहा है। इस पहल की बाजार आने वाले लोगों और व्यापारियों द्वारा सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे प्रयास न केवल पुरानी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का काम करते हैं।



# पुरुषोत्तम मास में विप्र कुल की महिलाओं ने मानस पाठ कर की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम शहर के विप्रकुल महिला मंडल द्वारा प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर में पुरुषोत्तम मासभर रामचरितमानस का पाठ किया गया। संगीतमय रामायण का पाठ प्रति दिन शाम 5 से 7 बजे तक किया जाता था जिसमें ब्राह्मण समाज राजिम की सभी बहनें पूरी निष्ठा और श्रद्धा से पाठ में अपनी उपस्थिति देती थी। इसके अलावा प्रतिदिन के भोग प्रसाद की व्यवस्था और सुहाग श्रृंगार का सामान का दान एक-एक करके सभी बहनों द्वारा किया गया। इस तरह से पूरा पुरूषोत्तम मास दान पुण्य और भक्ति भाव के साथ पूरा हुआ। इस पुण्य कार्य में सुश्री छाया राही, सुअंजना उपाध्याय ,संध्या शर्मा ,रत्ना शर्मा ,अनीता शर्मा ,सीमा शर्मा ,प्रतिभा शर्मा ,योगिता शर्मा ,किरण शर्मा,लता दुबे, पद्मा दुबे ममता राही पूजा राही संध्या शर्मा प्रिंसप्ल सुनीता शर्मा तृप्ति तिवारी शशि ठाकुर शामिल थे।



